# कार्यालय – वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल, कोडरमा।

झारखण्ड सरकार

**PO+Dist. - Koderma, PIN – 825410, Phone & Fax No. - 06534-252238, Mob- 9431142825**
**Email - dfokoderma@yahoo.in, dfokoderma@jharkhand.gov.in**


पत्रांक :- 1989 दिनांक :- 04.07.2015

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
हजारीबाग।

विषय :- **Langraparas Stone Quarry, डोमचाँच (श्री हर्षवर्द्धन पाण्डेय, पत्थर खनन् परियोजना, लंगरापरास, डोमचाँच) के नवीकरण हेतु 1.21 हे0 वन भूमि का अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :- भवदीय पत्रांक 1719 दिनांक 01.07.2015

महाशय,

सादर सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा कृत पृच्छाओं का निराकरण निम्नवत समर्पित है :-

(1) पार्ट – II की कंडिका 4 (II) में वनों का घनत्व 0.3 अंकित है। वनों का यह घनत्व नवीकरण हेतु प्रस्तावित कुल वन भूमि के संदर्भ में है। ज्ञातव्य है कि आवेदित 1.21 हे0 में से सिर्फ 0.574 हे0 हीं पूर्व से खंडित एवं खनित है तथा वृक्षविहीन है। नवीकरण हेतु प्रस्तावित शेष 1.21 – 0.574 = 0.636 हे0 भूमि वृक्षों एवं वनस्पति से अच्छादित है एवं तदनुसार इसका घनत्व अंकित किया गया है।

(2) पार्ट – II की कंडिका 4 (II) में अंकित प्रजातियों की विस्तृत गणना सूची गोलाई सहित अंकित कर दी गई है। ये वृक्ष Broken area को छोड़कर नवीकरण हेतु प्रस्तावित शेष भाग अर्थात Safety zone क्षेत्र, कार्यालय, Rest shed, Dumping क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र पर अवस्थित हैं।

(3) पार्ट – II की कंडिका 8 (II) के संबंध में सूचित करना है कि कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र हेतु Eco-sensitive zone अधिसूचित नहीं होने की बात वन क्षेत्र पदाधिकारी, कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र द्वारा बताई गई है। साथ हीं Eco-sensitive zone का कोई मानचित्र अभी तक अंतिम रूप से तैयार नहीं होने की बात भी उनके द्वारा बताई गई है।

प्रस्तावित भूमि प्रमण्डलीय अमीन द्वारा जाँचोपरांत कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र से 40 मीटर की दूरी पर पाई गई है। फलस्वरूप इसे Eco-sensitive zone के भीतर मानते हुए इसमें सुधार कर दिया गया है।

अतः अनुरोध है कि विषयगत प्रस्ताव पर अग्रत्तर कारवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वास भाजन

4/7/15

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

4/7/15
04/07/2015